# सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

**९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२**

**सत्र: 2025-26**

**कक्षा:-6** | **विषय: हिंदी कहानी संचय** | **पाठ:6 ( पापा जब बच्चे थे)**

**( पापा जब बच्चे थे )**

**प्रश्न - निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।**

**प्रश्न 1. शुरू - शुरू में पापा क्या बनना चाहते थे?**

**उत्तर : - शुरू - शुरू में पापा चौकीदार बनना चाहते थे ।**

**प्रश्न 2. पापा को चौकीदार का काम क्यों अच्छा लगा?**

**उत्तर : - पापा को चौकीदार का काम इसलिए अच्छा लगा क्योंकि जब सारा शहर सोता था तो वे चौकीदार बनाकर जाग सकते थे और खूब शोर भी मचा सकते थे ।**

**प्रश्न 3. पापा आइसक्रीम वाले बनते तो बच्चों के लिए क्या करते?**

**उत्तर:- पापा आइसक्रीम वाले बनते तो बच्चों को मुफ्त  में आइसक्रीम देते ।**

**प्रश्न 4. शंटिंग किसे कहते हैं?**

**उत्तर:- एक यात्रा पूरी होने के बाद रेलगाड़ी की साफ़ सफ़ाई करके उसे दूसरी यात्रा के लिए तैयार किया जाता है । इंजन को घुमाकर ईंधन- पानी भरा जाता है , इसे शंटिंग कहते हैं ।**

**प्रश्न 5 पापा की समझ में क्या बात आ गई ?**

**उत्तर- पापा की समझ में यह बात आ गई कि वह रोज-रोज अपना इरादा नहीं बदल सकते और सबसे बड़ी बात यह है कि वह अभी इतने छोटे हैं कि इस बात को नहीं जान सकते कि वह बड़े होकर क्या बनेंगे।**